नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर म.प्र.

पशु चिकित्सा दिवस: कोरोना (कोविड 19) विषाणुजन्य रोग से पशुधन एवं पशुपालकों की जैवात्मक सुरक्षा ही पशु चिकित्सकों का नैतिक दायित्वरू डॉ. एस. पी.तिवारी कुलपति

जबलपुर दिनांक 25 अप्रैल 2020 को माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी, प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं श्री लालजी टंडन जी, कुलाधिपति, म.प्र. शासन के आवाहन एवं अभिप्रेणा से माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2020 के अवसर पर अपने संदेश में अपील जारी करते हुए कहा है कि हमारे पशु चिकित्सक छात्र–छात्राओं प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का यह नैतिक दायित्व है कि हम अपने कार्यक्षेत्र में पशुधन एवं पशुपालकों की जैवात्मक सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता चेतना अभियान वि.वि. द्वारा निरंतर जारी है, इसे हमें और दृढ़ इच्छाशक्ति से संकल्पित होकर क्रियान्वित करना है, तभी हम सक्रीय जनभागीदारी के माध्यम से इस महामारी कोरोना (कोविड 19) विषाणुजन्य रोग पर नियंत्रणष पाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते है यही हमारी सच्चे मायने में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर हमारी सफलता होगी। इस दिशा में वि.वि. के द्वारा अभी तक विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों द्वारा छात्रों के हित में सुचारू अध्यापन हेतु 970 ऑनलाइन कक्षाएं संपन्न हो चुकी है व पाठ्य सामग्रीयां संचार माध्यमों से उपलब्ध कराई गई है, साथ ही वि.वि. के छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों, पशुपालकों व कर्मचारियों को एस. एम. एस–62943. ,वॉट्सएप–379048. तथा ई–मेल–295410 इस प्रकार कुल अभी तक 396301 संदेश भेजे गए हैं।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि,जबलपुर